मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-88
12/02/2025

संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर आयोजित विकास मित्रों के क्षमतावर्द्धन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 12 फरवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में आयोजित विकास मित्रों के क्षमतावर्द्धन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि रविदास जी एवं भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आप सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। आप सब यहां बड़ी संख्या में उपस्थित हुए हैं, मैं आप सबका अभिनंदन एवं स्वागत करता हूं। संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने जातिवाद, भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाई एवं समाज को समानता और भाईचारे का संदेश दिया। संत रविदास जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को भी इस अवसर पर नमन करता हूं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को भी हमलोगों को याद रखना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से हमने समाज के सभी वर्गों वो चाहे हिंदू हों, मुसलमान हों, सामान्य वर्ग हों या पिछड़ा हों, अति पिछड़ा हों, दलित हों या महादलित हों सबके हित के लिए काम किया। वंचित वर्ग के लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए कई विशेष कार्यक्रम एवं योजनायें चलायी गयीं। महादलित वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए वर्ष 2009 में बिहार महादलित विकास मिशन की स्थापना की गई, जिससे महादलित वर्ग के लोगों को काफी लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में विकास मित्रों के मानदेय को 13 हजार 700 रूपये से बढ़ाकर 25 हजार रूपये कर दिया गया और प्रति वर्ष उसमें 5 प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। वर्ष 2018 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक एवं युवतियों के रोजगार को लेकर 'उद्यमी योजना' की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत उद्योग लगाने के लिए 10 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है जिसमें 5 लाख रुपये का अनुदान एवं 5 लाख रुपया ब्याज मुक्त ऋण के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है। इस वर्ग के युवक एवं युवतियों को 'सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना' का लाभ मिल रहा है। युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना' की शुरुआत की गई है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास की स्थापना की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचिज जनजाति वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए और जो भी आवश्यकताएं होंगी उसे पूरा किया जाएगा। समाज के सभी तबके एवं सभी क्षेत्रों के उत्थान के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। हमलोगों के सरकार में आने के पहले क्या स्थिति थी, सभी लोग जानते हैं। शाम के वक्त लोग घर से

बाहर नहीं निकलते थे। अब लोग देर रात तक घूम फिर रहे हैं और अपना कारोबार कर रहे हैं। अभी हम यात्रा में सभी जगह घूमकर लोगों से मिल रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ उन्हें किस प्रकार मिल रहा है इसके बारे में भी बातचीत कर रहे हैं। हमने अधिकारियों से कहा है कि जो भी समस्याएं लोग बताते हैं उसका त्वरित समाधान करें। लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए हमलोग काम कर रहे हैं। हमलोग वर्ष 2005 से एक साथ मिलकर राज्य का विकास कर रहे हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया था। केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की तरफ से भी राज्य के विकास के लिए पूरा सहयोग मिल रहा है। गरीब तबके के उत्थान के लिए जो भी जरूरतें होंगी उसपर काम करेंगे। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम करते रहेंगे। आज के इस अवसर पर संत शिरोमणि रविदास जी को नमन करता हूं। आप सबका अभिनंदन करता हूं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को विकास मित्र श्री बिट्टू कुमार एवं सुश्री रजनी कुमारी ने प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री श्री जनक राम, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव श्री देवेश सेहरा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर लघु जल संसाधन सह आपदा प्रबंधन मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन, शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री श्री रत्नेश सादा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरबड़े, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के निदेशक श्री श्याम बिहारी मीणा, बिहार महादलित विकास मिशन के निदेशक श्री गौतम पासवान, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में विकास मित्र उपस्थित थे।

******